The PG students of Chemistry department along with other departments of the college participated actively in "Swachhata Abhiyan" on oct-18 at Thanod.Village through rally, posters, slogan. Villagers were provided awareness about cleanliness and healthy environment.

कॉलेज समाचार

के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने शराब एवं धुम्रपान न करने का आश्वासन दिया। ग्राम थनौद में छात्रा एन.सी.सी कैडेट्स ने घर-घर जाकर महिलाओं को स्वच्छता एवं सैनेटरी नेपकिन के उपयोग के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। ग्राम खम्हरिया में आयोजित स्वच्छता जागरूकता अभियान में एनसीसी के छात्रों ने साफ-सफाई के अलावा ग्रामवासियों को मक्खी एवं मच्छर तथा गंदगी से होने वाले विभिन्न रोगों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। ग्रामवासियों ने साइंस कालेज, दुर्ग की इस समाजसेवी पहल का स्वागत किया।

ग्राम करंजा भिलाई में प्राचार्य डॉ. एस.के. राजपूत के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं एन.एस.एस. तथा यूथ रेडक्रास के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता संबंधी रैली निकाली तथा सम्पूर्ण ग्राम में घर-घर सम्पर्क कर ग्रामवासियों को सिकल सेल, कुपोषण, टीकाकरण की महत्ता, सुरक्षित मातृत्व एवं कुष्ठ रोग आदि की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। जागरूकता अभियान के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. राजपूत एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. अजय सिंह, डॉ. ए.के. पाण्डेय, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. के. पद्मावती, डॉ. ज्योति धारकर , डॉ. मीना मान, डॉ. तरलोचन कौर, डॉ. सतीश सेन एवं डॉ. संजू सिन्हा ने भी सफाई अभियान में अपनी भागीदारी दी। ग्राम करंजा भिलाई में आयोजित मंचीय कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। जागरूकता अभियान की विषय-वस्तु पर नोडल अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, प्राचार्य डॉ. एस.के. राजपूत एवं करंजा भिलाई के सरपंच श्रीमती पूर्णिमा वर्मा ने भी प्रकाश डाला।

ग्राम थनौद में आयोजित स्वच्छता अभियान में डॉ. सपना शर्मा, डॉ. जगजीत कौर, डॉ. अनुपमा कश्यप, डॉ. संजय दास, डॉ. शुभा गुप्ता, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. श्रीराम कुंजाम, डॉ. विजय लक्ष्मी नायडू ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभायी एन.सी.सी. की 18 छात्रा सैनिकों द्वारा तैयार प्रश्नोत्तरी में व्यक्तिगत स्वच्छता, खानपान एवं परिसर की स्वच्छता पर आधारित प्रश्नावली भी गांव वासियों को वितरित की गयी। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक एवं मितानीन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थी। ग्राम खम्हरिया में आयोजित स्वच्छता जागरूकता अभियान में मेजर ओ.पी. गुप्ता के नेतृत्व में डॉ. अश्विनी महाजन,डॉ. वेदवती मंडावी, एवं डॉ. कल्पना अग्रवाल ने प्रत्येक घर-घर जाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता, पेयजल एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। ग्राम करंजा भिलाई की सरपंच श्रीमती पूर्णिमा वर्मा एवं ग्राम थनौद की सरपंच श्रीमती ललिता भारती ने साइंस कालेज, दुर्ग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह जागरूकता अभियान वर्षभर चलाया जाना चाहिए तथा ग्राम पंचायत इस प्रकार के राष्ट्रव्यापी अभियानों में हर संभव मदद करेगी। डॉ. ज्योति धारकर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ करंजा भिलाई में जागरूकता अभियान का समापन हुआ ।